| आवेदन क्रमांक | आवेदन प्रपत्र मुल्य रू. 500. |
|---|---|

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन

# साँची विज्ञापन/बोर्ड निर्माणकर्ता एजेंसी नियुक्ति हेतु द्वितीय ई–निविदा प्रपत्र वर्ष 2021–24


उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन

मक्सी रोड़ डेयरी प्लांट, उज्जैन–456001

दूरभाष – 2527061,2527068,2527066


| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबंधक (एमआईएस) | सहायक महाप्रबंधक (वित्त) | प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (गु.नि.) |
|---|---|---|---|---|---|

**उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित**
मक्सी रोड़, पोस्ट बॉक्स नं.106, उज्जैन–456001 (म.प्र.)
दूरभाष – 0734–2527068, फेक्स नं. 2527063

# साँची विज्ञापन बोर्ड निर्माणकर्ता एजेंसी नियुक्ति हेतु द्वितीय ई–निविदा सूचना

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मार्यादित, उज्जैन द्वारा साँची दूध, दुग्ध पदार्थ एवं घी के प्रचार–प्रसार के लिए साँची विज्ञापन बोर्ड निर्माणकर्ता एजेंसी नियुक्ति हेतु तीन वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसे कार्य संन्तोषजनक होने पर एक–एक वर्ष करके दो वर्ष तक बढ़ाई जा सकेगी।

इच्छुक आवेदक वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in के माध्यम से ई–निविदा प्रपत्र दिनांक 25/09/2021 दोपहर 12:00 बजे से 11/10/2021 दोपहर 12:00 बजे तक ऑनलाईन क्रय कर पूर्ण रूप से भरकर जमा करें। निविदा प्रपत्र में वर्णित तकनीकी अर्हता संबंधी वांछित दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड करने के साथ भौतिक रूप से संघ कार्यालय उज्जैन में भी जमा करना होंगे। साथ ही साँची विज्ञापन/बोर्ड निर्माणकर्ता के लिए ई.एम.डी. राशि रू. 25,000/– ऑनलाईन रूप जमा करनी होगी। भौतिक निविदा दिनांक 12/10/2021 को अपरान्ह 1:00 बजे तक उज्जैन दुग्ध संघ कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 12/10/2021 को अपरान्ह 3:00 बजे निविदाकार/प्रतिनिधि के समक्ष समिति द्वारा खोले जावेगें। अन्य विस्तृत जानकारी के लिए वेब साईट www.sanchidairy.com पर लॉग ऑन करें।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबधंक (एमआईएस) | सहायक महाप्रबधंक (वित्त) | प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (गु.नि.) |

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
# साँची विज्ञापन बोर्ड निर्माणकर्ता के लिए एजेंसी नियुक्ति हेतु
# ई–निविदा प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा प्रपत्र ऑनलाईन विक्रय एवं जमा करने की प्रारंभ तिथि एवं समय | दिनांक 25/09/2021 प्रातः 12:00 बजे से |
| 2 | ई–निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 11/10/2021 दोपहर 12:00 बजे तक |
| 3 | ई–निविदा प्रपत्र भौतिक रूप से जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 12/10/2021 अपरान्ह 01:00 बजे तक |
| 4 | तकनीकी बीड ऑनलाईन तथा भौतिक रूप से खोलने की तिथि एवं समय | 12/10/2021 अपरान्ह 03:00 बजे |
| 6 | निविदा के साथ जमा की जाने वाली धरोहर राशि | ईएमडी राशि रूपये 25,000/– ऑनलाईन भुगतान करें। |
| 7 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | रूपये 500/– (पांच सौ मात्र) |
| 8 | निविदा खोलने का स्थान एवं पता | उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन |
| 9 | साँची फ्लेक्स/बेनर/बोर्ड निर्माणकर्ता कार्य हेतु निविदा की आवश्यक शर्तें एवं तकनीकी अर्हताएं का प्रारूप। | प्रपत्र 01 एवं 02 |
| 10 | ''भाव पत्र/दरें'' प्रस्तुत करने का प्रारूप | प्रपत्र– 03 (केवल ऑनलाईन भरें।) |
| 11 | अनुबंध का प्रारूप | प्रपत्र – 04 |

**निविदा प्रस्तुत करते समय ध्यान रखा जावे कि :–**

प्रपत्र क्रमांक 01 ''निविदा की शर्ते'' एवं प्रपत्र क्रमांक 02 ''तकनीकी अर्हताएं'', प्रपत्र क्रमांक 04'' अनुबंध की शर्ते'' तथा ऑनलाईन रूप से जमा ईएमडी राशि की रसीद (एक ही बंद लिफाफे में प्रस्तुत की जावे एवं लिफाफे पर **साँची विज्ञापन बोर्ड निर्माणकर्ता के लिए एजेंसी नियुक्ति हेतु ई–निविदा** लिखा जावें तथा प्रेषक के रूप में निविदाकार का नाम, पता, मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आईडी लिखा जावे।

- उक्त बंद लिफाफा कार्यालय में दिनांक 12/10/2021 को अपरान्ह 1:00 बजे तक जमा किया जावें। पहले ''तकनीकी अर्हताओं'' का परीक्षण किया जावेगा। तकनीक रूप से सफल होने वाले निविदाकारों के निविदा शर्तों में चाहे गये दस्तावेजों का परीक्षण किया जावेगा। तकनीकी रूप से तथा निविदा शर्तों में सफल निविदाकर्ताओं की ही ऑनलाईन प्राप्त दरें खोली जाएगी।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबधंक (एमआईएस) | सहायक महाप्रबधंक (वित्त) | प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (गु.नि.) |

- निविदा प्रपत्र क्रमांक 01 एवं 4 में उल्लेखित शर्तो के अतिरिक्त निविदाकार की ओर से उल्लेखित कोई भी शर्त मान्य नहीं की जावगी।
- प्रपत्र 03 जिसमें दरें संलग्न होगी सिर्फ और सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से ही भेजा जाए एवं भौतिक रूप से प्राप्त दरों को निरस्त समझा जावेगा ।
- अपूर्ण दस्तावेज एवं बिना ईएमडी राशि के प्रस्तुत की गई ई–निविदा मान्य नहीं किये जाऐंगे।

टिप्पणी :–

1. ऑनलाईन निविदा अपलोड़ एवं प्राप्ति की तिथि व समय में अवकाश घोषित होने पर भी कोई परिवर्तन नही होगा किन्तु यदि निविदा तकनीकी बिड व फाइनेंशियल बिड खोलने के लिए निर्धारित दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है, तो संबंधित निविदा के अगले कार्य दिवस पर पूर्व निधारित समय पर खोली जावेगी।
2. निविदा कार्य अवधि :–

   निविदाऐं निर्धारित कार्य अवधि वर्ष 2021–2024 (3 वर्ष) के लिए आमंत्रित है। कार्य संतोषप्रद होने पर आपसी सहमति से एक–एक वर्ष करके दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबधंक (एमआईएस) | सहायक महाप्रबधंक (वित्त) | प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (गु.नि.) |
|---|---|---|---|---|---|

**प्रपत्र क्रमांक – 01**

## साँची विज्ञापन बोर्ड निर्माणकर्ता के लिए एजेंसी नियुक्ति हेतु ई–निविदा आवश्यक शर्ते

1. **''अ''–** निविदाकार को आवेदन पत्र के साथ स्व प्रमाणित (हस्ताक्षर कर) पासपोर्ट साईज फोटो लगाना अनिवार्य है।

2. टंकण त्रुटि या किसी अन्य कारण से निविदा की शर्तों एवं अनुबंध की कण्डिका की स्पष्टता से संबंधित कोई विवाद उत्पन्न होता है, तब निविदा की शर्तों एवं अनुबंध की कण्डिका को स्पष्ट करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास होगा, जो कि निविदाकार/द्वितीय पक्ष पर बन्धनकारी होगा।
3. निविदाकार आवेदक निविदा के साथ रूपये 25,000/– (रूपये पच्चीस हजार मात्र) अर्नेस्ट मनी के रूप में ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य होगा। अर्नेस्ट मनी जमा न करने की स्थिति में आवेदक की निविदा पर विचार नही किया जाएगा तथा ऐसी निविदा स्वतः निरस्त मानी जावेगी।

4. निविदा स्वीकृत होने के बाद किसी भी कारणवश कार्य नहीं करने पर निविदाकार की अर्नेस्टमनी राजसात करने का निर्णय मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा लिया जा सकेगा।
5. निविदा प्रपत्र के साथ आवेदक निविदाकार द्वारा दी गई जानकारी यदि असत्य प्रमाणित होती है तो अर्नेस्टमनी राजसात करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा, साथ ही निविदाकार की ऐसा निविदा निरस्त समझी जावेगा।
6. निविदा स्वीकृत की स्थिति में सफल निविदाकार को संघ द्वारा निर्धारित औपचारिकताऐं पूर्ण कर निर्धारित प्रारूप अनुसार रूपये 1000/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध निष्पादित करना होगा ।
7. निविदाकार को निविदा प्रपत्र में दरें केवल ऑनलाईन ई–टेण्डर में ही वर्णित करनी होगी। दरें अंकों में एवं शब्दों में प्रस्तुत करना होगी। यदि अंकों एवं शब्दों में प्रस्तुत दर में कोई अन्तर पाया जाता है तो शब्दों में लिखी दर को मान्य किया जाएगा।
8. किसी भी निविदा को कारण सहित बताते हुए निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा।
9. निविद प्रपत्र के साथ संघ के साथ किये जाने वाले अनुबंध प्रपत्र संलग्न है जिसकी शर्ते आवश्यक रूप पढ़ कर समझ लें।
10. निविदाकार को निविदा स्वीकृत होने की स्थिति में विज्ञापन बोर्ड निर्माणकर्ता के लिए बतौर प्रतिभूति राशि रूपये 1,00,000/– (एक लाख रूपये मात्र) RTGS/NEFT या चेक के माध्यम से संघ कार्यालय में जमा करनी होगी, जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबंधक (एमआईएस) | सहायक महाप्रबंधक (वित्त) | प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (गु.नि.) |

11. निविदा स्वीकृति के उपरांत निविदाकार की कार्य अवधि तीन वर्षों के लिए प्रभावशील रहेगी, जिसे कार्य संन्तोषजनक पाये जाने पर एक–एक वर्ष करके दो वर्ष तक बढ़ाई जा सकेगी।

12. कार्य आदेश से पूर्व सभी औपचारिकताएं निर्धारित अवधि में पूर्ण करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि में कार्यवाही पूर्ण न होने पर कार्य आदेश निरस्त किया जा सकेगा एवं अमानत राशि भी राजसात की जा सकेगी।

13. फ्लेक्स बोर्ड निर्माता को फ्लेक्स बेनर एवं बोर्ड दुग्ध संघ द्वारा निर्धारित डिजाईन एवं आकार में बनाये जाने होंगे।

14. सभी बोर्ड 22 गेज के एमएस सीट के एक वर्ग इंच के स्केयर पाईप में स्टार फ्लेक्स से बनाने होंगे।

15. दुग्ध संघ द्वारा फ्लेक्स बोर्ड निर्माता को साँची आउटलेट की सूची दी जाएगी, यह आउटलेट उज्जैन, शाजापुर, आगर, रतलाम, मंदसौर, नीमच जिलों में स्थित है। निर्माता को दिये गये आउटलेट पर बोर्ड लगाकर स्थापित किये गये प्रत्येक बोर्ड का रंगीन फोटो उपलब्ध कराना होगा, तभी देयक का भुगतान किया जाएगा।

16. सभी कार्य कार्यादेश जारी होने के एक माह की अवधि में पूर्ण करना होगा तथा सम्पूर्ण भुगतान कार्य पूर्ण होने के पश्चात ही किया जाएगा।

17. एजेंसी बोर्ड एक तरफ से प्रिटेड होंगे।

18. निविदाकार को शासकीय/सहकारी संस्था के साथ कार्य करने का न्यूनतम दो वर्ष का अनुभाव होना चाहिए। इस हेतु कार्यादेशों की छायाप्रति संलग्न करना होगी।

19. निविदाकार के पास GST No होना अनिवार्य होगा।

20. वर्तमान में दुग्ध संघ के साथ कार्य कर रहे किसी भी सुपर स्टॉकिस्ट/वितरक/वितरक सह–परिवहनकर्ता/परिवहनकर्ता अथवा अन्य द्वारा इस प्रक्रिया में भाग लिया जाता है तो कार्यादेश से पूर्व औपचारिकताएं पूर्ण करते समय वर्तमान अनुबंध से सबंधित लेनदारी–देनदारी का पूर्ण हिसाब कर बकाया धनराशि एवं क्रेट दुग्ध संघ में जमा कराने होंगे। तत्पश्चात ही कार्यादेश दिया जावेगा तथा ऐसा नहीं करने पर आवेदक की दावेदारी निरस्त कर ई.एम.डी. राशि राजसात कर ली जावेगी।

21. दुग्ध संघ के साथ पूर्व में कार्य कर चुके कोई भी ऐसे ठेकेदार जिनकी तरफ दुग्ध संघ की कोई भी बकाया राशि, क्रेट अथवा अन्य सामग्री लंबित है इस आवेदन प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे। यदि ऐसे पूर्व ठेकेदार इस आवेदन प्रक्रिया में भाग लेना चाहते है तो आवेदन प्रक्रिया में भाग लेने के पूर्व समस्त बकाया राशि एवं क्रेट आदि दुग्ध संघ में जमा कर प्राप्त एन.ओ.सी को आवेदन प्रक्रिया में संलग्न करना आवश्यक होगा अन्यथा आवेदन स्वतः ही निरस्त हो जावेगी तथा ई.एम.डी. राशि राजसात कर ली जावेगी।

22. ऐसी कोई भी पार्टी जिनसे वसूली अथवा अन्य प्रकरण में दुग्ध संघ के न्यायीक प्रकरण किसी भी माननीय न्यायालय में विचाराधीन है, इस निविदा में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।

23. दुग्ध संघ के कोई भी अधिकारी/कर्मचारी, माननीय अध्यक्ष, एवं संचालक मण्डल के सदस्य स्वयं अथवा उनके रिश्तेदार निविदा में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे, इस बाबत्

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबंधक (एमआईएस) | सहायक महाप्रबंधक (वित्त) | प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (गु.नि.) |

निविदाकार को निविदा के साथ संलग्न प्रारूप अनुसार रू. 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर नोटराइज्ड कर मूल शपथ पत्र निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।

24. कोई भी निविदकार एमपीसीडीएफ भोपाल एवं सम्बद्ध समस्त दुग्ध संघों में से किसी भी कार्यों/अनुबंध हेतु अनियमितताओं के कारण टर्मिनेट अथवा ब्लेक लिस्ट नहीं होना चाहिए अन्यथा ऐसे निविदा स्वतः निरस्त माने जाएंगे। इस बाबत् निविदाकार को निविदा के साथ संलग्न प्रारूप अनुसार रू. 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर नोटराइज्ड कर मूल शपथ पत्र निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।

25. ऐसे व्यक्ति/फर्म इस निविदा में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे जिनके विरूद्ध किसी भी थाने में अपराधिक प्रकरण दर्ज हो। इस बाबत् निविदाकार को निविदा के साथ संलग्न प्रारूप अनुसार रू. 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर नोटराइज्ड कर मूल शपथ पत्र निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।

26. यदि दो या दो से अधिक निविदाकार द्वारा एक समान न्यूनतम दरें प्रस्तुत की जाती है तो एक समान न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले समस्त निविदाकारों में से कार्यावंटन हेतु चयन गठित समिति के समक्ष लॉट्री द्वारा किया जावेगा।

मेरे द्वारा साँची दूध एवं दुग्ध पदार्थ वितरक सह–परिवहनकर्ता की निविदा एवं अनुबंध की शर्ते पढ़ व समझ ली है तथा मैं/ हम सभी शर्तों को मानने के लिए सहज तैयार हुँ/है। निविदा में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य है। यदि मेरे द्वारा निविदा में प्रस्तुत जानकारी निविदा कार्यवाही के दौरान अथवा भविष्य में कभी भी असत्य प्रमाणित होती है या मैं बिन्दु क्रमांक 01 से 34 तक वर्णित शर्तों को पालन नही करता हूँ, तो मेरी निविदा/अनुबंध निरस्त कर मेरी अर्नेस्टमनी/जमा प्रतिभूति राशि राजसात करने का दुग्ध संघ प्रबंधन द्वारा निर्णय किया जाता है तो मैं इस हेतु अपनी सहमति देता हूँ।

हस्ताक्षर

**आवेदक का नाम एवं पता**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबंधक (एमआईएस) | सहायक महाप्रबंधक (वित्त) | प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (गु.नि.) |

(तकनीकी अर्हताएं)
**प्रपत्र 02**

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,
उज्जैन

| पासपोर्ट साईज फोटो (स्व प्रमाणित) |
|---|

महोदय,

साँची विज्ञापन बोर्ड निर्माणकर्ता एजेंसी नियुक्ति हेतु दिनांक ............................को दैनिक समाचार पत्र पत्रिका/राज एक्सप्रेस में प्रकाशित ई–निविदा के संदर्भ में निवेदन करता हुं कि मेरे द्वारा निविदा प्रपत्र में वर्णित समस्त शर्ते एवं निर्देश पढ कर समझ लिए गये है। यदि मेरी निविदा स्वीकृत की जाती है तो मैं आपके द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार कार्य करने हेतु सहमत हूँ। अतः एतत् द्वारा ईएमडी राशि रू. 25000/– (अक्षरी रू. पच्चीस हजार मात्र) ऑनलाईन जमा की स्लीप संलग्न की जा रही है।

**तकनीकी अहर्ताएं**

| क्रमांक | आवश्यक अर्हता | विवरण जानकारी | अनिवार्यतः संलग्न किये जाने वाले स्व प्रमाणित दस्तावेज |
|---|---|---|---|
| 1. | ठेकेदार का नाम व पता (संस्था/फर्म आदि की दशा में पंजीयन का प्रमाण) | | संस्था पंजीयनकर्ता कार्यालय का पत्र/प्रमाण पत्र । |
| 2 | यदि कोई पार्टनर हो तो उनका नाम व पता। | | पंजीकृत पार्टनरशीप डीड। |
| 3 | संस्था/फर्म होने की दशा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम | | संस्था /फर्म के संचालक मंडल/ मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अधिकार पत्र। |
| 4 | निविदाकर्ता का पेनकार्ड नम्बर होना अनिवार्य। | | पेनकार्ड की छायाप्रति संलग्न करें। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | GST नम्बर होना अनिवार्य है। | | GST नम्बर की छायाप्रति संलग्न |
| 6 | निविदाकार को शासकीय/ सहकारी संस्था के साथ कार्य करने का न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए। | | इस हेतु कार्यादेशों छायाप्रति संलग्न करना होगी। |
| 7 | बैंक का नाम एवं खाता क्रमांक | | बैंक स्टेटमेन्ट की एक वर्ष की छायाप्रति या निरस्त चैक की छायाप्रति लगावें। |
| 8 | वित्तीय वर्ष 2017–18 एवं 2018–19, 2019–20) आयकर का रिटर्न दाखिल करने का प्रमाण | | आयकर विभाग में रिटर्न जमा करने की पावती एवं रिटर्न की कॉपी। (छायाप्रति संलग्न करें) |
| 9 | ईएमडी राशि रू. 25000/– ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य होगा। | | ऑनलाईन रसीद संलग्न करना अनिवार्य है। |
| 11 | निविदा फॉर्म रू. 500/– का ऑनलाईन भुगतान कर क्रय करें। | | ऑनलाईन भुगतान की रसीद संलग्न करें। |
| 12 | निविदाकार एमपीसीडीएफ/अन्य दुग्ध संघ से टर्मिनेट अथवा ब्लेक लिस्ट नहीं है। (इस बाबत् का रू. 100 के स्टॉम्प पेपर पर शपथ पत्र) | | शपथ पत्र संलग्न करें। |
| 13 | निविदाकार दुग्ध संघ के कोई भी अधिकारी/कर्मचारी, माननीय अध्यक्ष, एवं संचालक मण्डल के सदस्य स्वयं अथवा उनके रिश्तेदार नहीं है। (इस बाबत् का रू. 100 के स्टॉम्प पेपर पर शपथ पत्र) | | शपथ पत्र संलग्न करें। |
| 14 | निविदाकार के विरूद्ध किसी भी थाने में अपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं है। (इस बाबत् रू. 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर शपथ पत्र।) | | शपथ पत्र संलग्न करें। |

| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबधंक (एमआईएस) | सहायक महाप्रबधंक (वित्त) | प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (गु.नि.) |
|---|---|---|---|---|---|

नोटः—

1. उक्त समस्त शपथ पत्र रू. 100/— के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर पृथक—पृथक मूल रूप से नोटराईज्ड कराकर आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
2. उक्त दस्तावेजों (जिनकी छायाप्रतियां मांगी गई है) की स्वयं के द्वारा प्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है, तथा निविदा स्वीकृति होने पर मूल दस्तवेजों से सत्यापित कराना अनिवार्य है।
3. तकनीकी अर्हताओं संबंधित प्रपत्र क्रमाक 01 निविदा की शर्ते एवं प्रपत्र क्रमांक 02 पूर्ण रूप से भरकर हस्ताक्षर कर ऑनलाईन जमा आर्नेस्ट मनी की स्लीप एक लिफाफे में एवं निविदा दर सम्बन्धी प्रपत्र क्रमांक 03 ऑनलाईन के माध्यम से प्रस्तुत करना होगी। तकनीकी अर्हताएं पूर्ण करने वाले निविदाकार की ही निविदा दरें खोली जावेगी। प्रपत्र क्रमांक 04 , अनुबंध की शर्तो का प्रारूप पढ़कर, समझकर मान्य होने की स्थिति में ही निविदा प्रस्तुत करें।
4. उपरोक्त जानकारियों में से कोई भी जानकारी वर्तमान में अथवा भविष्य में कभी भी असत्य पाये जाने पर ठेका निरस्त कर अमानत राशि राजसात की जा सकेगी।

नाम————————————

पता————————————
————————————
————————————

दूरभाष नम्बर ————————————
मोबाईल नम्बर ————————————

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबधंक (एमआईएस) | सहायक महाप्रबधंक (वित्त) | प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (गु.नि.) |

**प्रपत्र क्रमांक –03**

# साँची विज्ञापन बोर्ड निर्माणकर्ता एजेंसी नियुक्ति हेतु भाव पत्र

1. प्रस्तावित दर –

| क्र. | कार्य का विवरण | दर रूपये प्रति वर्गफीट |
|---|---|---|
| 1 | 22 गेज के एमएस सीट के एक वर्ग इंच के स्केयर पाईप में स्टार फ्लेक्स से बने एजेंसी बोर्ड हेतु दर रूपये प्रति वर्गफीट | अंको में (.............................................)<br>शब्दों में (.............................................) |

समस्त दर सभी कर सहित प्रस्तुत की गई है।

हस्ताक्षर .........................................

नाम——————————————

महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) सहायक महाप्रबधंक (एमआईएस) सहायक महाप्रबधंक (वित्त) प्रभारी (क्रय) प्रभारी (विपणन) प्रभारी (गु.नि.)

**प्रपत्र क्रमांक – 04**

## साँची विज्ञापन बोर्ड निर्माणकर्ता हेतु अनुबंध पत्र

यह अनुबंध आज दिनांक ............................को प्रथम पक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मक्सी रोड़ उज्जैन एवं श्री/मेसर्स ..... ..............................................................जिन्हे आगे ठेकदार के नाम से संबोधित किया जावेगा, के मध्य निष्पादित किया गया है। इस अनुबंध के तहत निम्न शर्तों के अधीन दुग्ध संघ व साँची विज्ञापन/बोर्ड निर्माणकर्ता कार्य संपादित करेगें –

1. उज्जैन दुग्ध संघ द्वारा चाही गई डिजाईन अनुसार (विज्ञापन डिजाईनिंग का कार्य निर्माणकर्ता को करना होगा।) एवं आकार में 22 गेज के एमएस सीट के एक वर्ग इंच के स्केयर पाईप में स्टार फ्लेक्स पर एक तरफ से प्रिंटिड एजेंसी बोर्ड हेतु दर रूपये ........................ प्रति वर्गफीट प्रभावशील रहेगी।

2. एक माह की अग्रिम सूचना देकर यह अनुबंध निरस्त करने का अधिकार दुग्ध संघ को होगा। इसके लिए दुग्ध संघ किसी भी तरह की न्यायालयीन प्रक्रिया से मुक्त होगा। यदि ठेकेदार इस अनुबंध के तहत कार्य नहीं करना चाहता है तो उसे दुग्ध संघ को एक माह का लिखित अग्रिम नोटिस कार्य छोड़ने बाबत् देना होगा।

3. फ्लेक्स बोर्ड निर्माता को साँची विज्ञापन बोर्ड दुग्ध संघ द्वारा निर्धारित डिजईन एवं आकार में बनाये जाने होंगे।

4. सभी बोर्ड 22 गेज के एमएस सीट के एक वर्ग इंच के स्केयर पाईप में स्टार फ्लेक्स से बनाने होंगे।

5. दुग्ध संघ द्वारा फ्लेक्स बोर्ड निर्माता को साँची आउटलेट की सूची दी जाएगी, यह आउटलेट उज्जैन, शाजापुर, आगर, रतलाम, मंदसौर, नीमच, जिलों अथवा आस–पास के कार्यक्षेत्र में स्थित है। निर्माता को दिये गये आउटलेट पर बोर्ड लगाकर स्थापित किये गये प्रत्येक बोर्ड का रंगीन फोटो उपलब्ध कराना होगा, तभी देयक का भुगतान किया जाएगा।

6. सभी कार्य कार्यादेश जारी होने के एक माह की अवधि में पूर्ण करना होगा तथा सम्पूर्ण भुगतान कार्य पूर्ण होने के पश्चात ही किया जाएगा।

| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबंधक (एमआईएस) | सहायक महाप्रबंधक (वित्त) | प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (गु.नि.) |
|---|---|---|---|---|---|

7. एजेंसी बोर्ड एक तरफ से प्रिंटेड होंगे।
8. निविदाकार के पास GST No. होना अनिवार्य होगा।

9. अनुबंध अवधि के दौरान किसी भी परिस्थिति में अनुबंध को जारी रखना संभव न होने की स्थिति में एक माह की पूर्व सूचना पर अनुबंध समाप्त करने का अधिकार उभय पक्ष को होगा।

10. यह कि इस अनुबंध के विरूद्ध ठेकादार द्वारा प्रथम पक्ष के पास रूपये 1,00,000/– प्रतिभूति जमा की गई, जिसे अनुबंध समाप्ति पर बिना ब्याज के वापस किया जा सकेगा।

11. यह कि ठेकेदार या ठेकेदार द्वारा साँची के विक्रय केन्द्रों पर बोर्ड स्थापित करने के लिए नियुक्त कर्मचारी कार्यालय में किसी कर्मचारी के साथ अथवा संबंधित के साथ अभद्र व्यवहार नहीं करेगा। यदि ऐसा पाया जाता है तो ऐसे कर्मचारी को ठेकेदार द्वारा तुरन्त हटाना होगा। ठेकेदार कार्यालय के किसी भी कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार करने पर उनका ठेका तुरंत निरस्त कर उनका नाम ब्लेक लिस्ट में लगाया जा सकेगा।

12. यह अनुबंध दिनांक ..............................से ...............................तक 03 वर्षीय ठेका अवधि तक प्रभावशील रहेगा, जिसे कार्य सन्तोषजनक होने पर एक–एक वर्ष करके दो वर्षों तक बढ़ाया जा सकेगा। इसके अन्तर्गत उल्लेखित निर्देशों की अवहेलना करने या संतोषप्रद काम नहीं होने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ द्वारा बिना कोई कारण बताये ठेका समाप्त किया जा सकेगा, एवं ठेका समाप्त किये जाने पर ठेकेदार किसी भी क्षतिपूर्ति का अधिकारी नहीं होगा।

13. ठेकेदार को अपना ठेका किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित करने का अधिकार नहीं होगा, और न ही उप ठेकेदार नियुक्त कर सकेगा। यदि ऐसा पाया गया तो ठेका तुरंत निरस्त करने का अधिकार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ को होगा ।

14. दुग्ध संघ की बकाया कोई भी राशि ठेकेदार की प्रतिभूति राशि से वसूली की जा सकेगी ।

15. इस अनुबंध में जो दरें स्वीकृत की गई है वह दरें अनुबंध अवधि में परिवर्तित नहीं की जाएगी।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबंधक (एमआईएस) | सहायक महाप्रबंधक (वित्त) | प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (गु.नि.) |

16. उपरोक्त किसी भी शर्तों एवं दुग्ध संघ द्वारा दिए गए निर्देशों, शर्तों एवं सूचनाओं की अवहेलना होने की स्थिति में ठेका निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ को होगा।
17. यदि पक्षकारों के बीच इस ठेके के विषय में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसे निराकरण हेतु Arbitrator प्रबंध संचालक महोदय एमपीसीडीएफ भोपाल के समक्ष रखा जावेगा। उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य एवं बंधनकारी होगा।
18. उपरोक्त शर्तों के अलावा संघ के हित को देखते हुए कोई भी अतिरिक्त शर्त लगाने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, को होगा।
19. यदि ठेकेदार शर्तों के परिचालन में असमर्थ है या ठेका अनुबंध समाप्त करना चाहता है तो उसको एक माह पूर्व संघ को लिखित सूचना देना होगा, ऐसा न करने पर संघ द्वारा प्रतिभूति राशि एवं शेष देयकों की राशि राजसात की जा सकेगी।
20. ठेकेदार द्वारा अनुबंध की सभी अथवा किसी भी निबंधन एवं शर्तों के भंग करने पर इस अनुबंध को निरस्त करने एवं कोई अन्य व्यवस्था करने के लिए उज्जैन दुग्ध संघ स्वतंत्र रहेगा, इस प्रकार के अनुबंध के निरस्त होने की दशा में ठेकेदार द्वारा उज्जैन दुग्ध संघ के पास जमा कराई गई प्रतिभूति राशि जप्त कर ली जावेगी, एवं इस प्रकार के अनुबंध के निरस्त होने के कारण उज्जैन दुग्ध संघ को होने वाली क्षतियों एवं हानियों का भुगतान ठेकेदार को उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ द्वारा मांग करने पर तुरंत करना होगा, क्षतियों एवं हानियों का निर्धारण जो कि ठेकेदार से वसूल की जाना है के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
21. उपरोक्त शर्तों के पालन में तथा संघ द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों/आदेशों एवं सूचनाओं का द्वितीय पक्षकार द्वारा पालन न करने की दशा में किसी भी समय आवंटन निरस्त करने का अधिकार प्रथम पक्षकार को रहेगा।
22. निविदा की प्रक्रिया/शर्ते एवं दुग्ध संघ द्वारा समय–समय पर जो भी निर्देश ठेकेदार को पत्रों/परिपत्रों के माध्यम से दिये जावेंगे, वे पत्र/परिपत्र अनुबंध का भाग माना जावेगा, व उसका पालन ठेकेदार को अनिवार्य रूप से करना होगा।
23. इस अनुबंध का न्यायिक कार्यक्षेत्र उज्जैन शहर का न्यायालय रहेगा। यह अनुबंध उपरोक्त शर्तों के अधिन दुग्ध संघ एवं ठेकेदार की आपसी रजामंदी के तहत दिनांक .................... निष्पादित किया गया है।
24. टंकण त्रुटि के कारण अनुबंध की शर्तों की अस्पष्टता अर्थात शर्तों को स्पष्ट करने, शर्तों को हटाने एवं जोड़ने का पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय का होगा।

मै. ........................................... पिता/पति/पत्नि.................................................... ठेकेदार, अपना उत्तराधिकारी, (नामिनी), श्री/श्रीमती/कु. ............................................................... को घोषित करता हूँ।

| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबंधक (एमआईएस) | सहायक महाप्रबंधक (वित्त) | प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (गु.नि.) |
|---|---|---|---|---|---|

यह अनुबंध पत्र उभय पक्ष ने स्वेच्छा से दिनांक ......................... को हस्ताक्षर कर निष्पादित किया है। अनुबंध अवधि की समप्ति तक प्रथम पक्ष के निर्देशानुसार द्वितीय पक्ष द्वारा संतोषप्रद कार्य करने पर ''नोड्यूज'' प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात तथा सभी प्रकार के देयकों की वसूली उपरांत प्रथम पक्ष द्वारा प्रतिभूति राशि वापस की जा सकेगी। अनुबंध की किसी भी कंडिका का द्वितीय पक्ष द्वारा पालन न करने पर प्रथम पक्ष द्वारा अनुबंध समाप्त कर अमानत राशि आदि राजसात करने का अधिकार प्रथम पक्ष को होगा। उभय पक्ष ने यह अनुबंध पत्र की शर्तें एवं परिशिष्ट भली प्रकार अध्ययन करके स्वेच्छा से संपादित किया है, जो प्रमाण रहें एवं समय पर काम आवे।

हस्ताक्षर ठेकेदार –

नाम.................................................

| | |
|---|---|
| हस्ताक्षर (प्रथम पक्ष)<br>मुख्य कार्यपालन अधिकारी<br>उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ<br>मर्या. मक्सी रोड़, उज्जैन – 456010 | हस्ताक्षर (द्वितीय पक्ष)<br>साँची विज्ञापन/बोर्ड<br>निर्माणकर्ता एजेन्सी<br>नाम........................................... |

हस्ताक्षर साक्ष्य – 1

नाम : .......................................

पताः.................................................

हस्ताक्षर साक्ष्य – 1

नाम :...............................................

पताः ..................................................

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक<br>(संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबंधक<br>(एमआईएस) | सहायक महाप्रबंधक<br>(वित्त) | प्रभारी<br>(क्रय) | प्रभारी<br>(विपणन) | प्रभारी<br>(गु.नि.) |

दुग्ध संघ के अध्यक्ष/संचालक/कर्मचारी से कोई संबंध नहीं होने का
शपथ पत्र का प्रारूप
(रू. 100 के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर नोटराईज्ड कराना है।)

नाम – ..........................................................................................
पिता – ..........................................................................................
आयु – ..........................................................................................
निवासी – ..........................................................................................

1– उज्जैन दुग्ध संघ द्वारा साँची विज्ञापन/बोर्ड निर्माणकर्ता एजेन्सी नियुक्ति हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। मेरे द्वारा साँची विज्ञापन/बोर्ड निर्माणकर्ता एजेन्सी नियुक्ति हेतु निविदा में भाग लिया गया है। तत्संबंध में मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता/करती हूं कि उज्जैन दुग्ध संघ के माननीय अध्यक्ष महोदय, किसी भी संचालक महोदय, दुग्ध संघ के किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी से मेरी कोई रिश्तेदारी या पारिवारिक संबंध नहीं है।

**इति दिनांक** ........................... **हस्ताक्षर शपथग्रहिता** ....................................

**सत्यापन**

मैं शपथग्रहिता शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हुँ कि उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णीत संपूर्ण कथन मेरे निजी ज्ञान के अधार पर सत्य एवं सही है। इससे कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

**इति दिनांक** ................... **हस्ताक्षर शपथग्रहिता** .............................
.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबधंक (एमआईएस) | सहायक महाप्रबधंक (वित्त) | प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (गु.नि.) |

## <u>एमपीसीडीएफ या अन्य दुग्ध संघों से टर्मीनेट नहीं होने संबंधी शपथ पत्र का प्रारूप।</u>

(रू. 100 के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर नोटराईज्ड कराना है।)

नाम –
पिता –
आयु –
निवासी –

1– मेरे द्वारा उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन द्वारा आमंत्रित साँची विज्ञापन/बोर्ड निर्माणकर्ता एजेन्सी नियुक्ति हेतु ई–निविदा में भाग लिया गया हैं। मैं शपथग्रहिता शपथ पूर्वक सत्य कथन करता/करती हूं कि मुझे एमपीसीडीएफ भोपाल अथवा सम्बद्ध किसी भी दुग्ध संघ द्वारा किसी भी प्रकार की अनियमितता के कारण टर्मिनेट अथवा ब्लेक लिस्ट नहीं किया गया है।

**इति दिनांक ...........................** **हस्ताक्षर शपथग्रहिता ..................................**

**<u>सत्यापन</u>**

मैं शपथग्रहिता शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हुँ कि उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णीत संपूर्ण कथन मेरे निजी ज्ञान के अधार पर सत्य एवं सही है। इससे कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

**इति दिनांक ..................** **हस्ताक्षर शपथग्रहिता ..............................**

| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबधंक (एमआईएस) | सहायक महाप्रबधंक (वित्त) | प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (गु.नि.) |
|---|---|---|---|---|---|

## किसी भी पुलिस थाने में अपराधिक प्रकरण नहीं होने संबंधी शपथ पत्र का प्रारूप।

(रू. 100 के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर नोटराईज्ड कराना है।)

नाम –
पिता –
आयु –
निवासी –

1– उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन द्वारा आमंत्रित साँची विज्ञापन/बोर्ड निर्माणकर्ता एजेन्सी नियुक्ति हेतु ई–निविदा में भाग लिया गया हैं। मैं शपथग्रहिता शपथ पूर्वक सत्य कथन करता/करती हूं कि मेरे विरूद्ध किसी भी थाने में किसी भी प्रकार का कोई अपराधिक प्रकारण दर्ज नहीं है।

**इति दिनांक ...........................** **हस्ताक्षर शपथग्रहिता ..................................**

शुद्धता का संकल्प

**सत्यापन**

मैं शपथग्रहिता शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हुँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की पद संख्या 01 में वर्णीत संपूर्ण कथन मेरे निजी ज्ञान के अधार पर सत्य एवं सही है। इससे कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

**इति दिनांक ..................** **हस्ताक्षर शपथग्रहिता ..............................**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक (संयत्र संचालन) | सहायक महाप्रबंधक (एमआईएस) | सहायक महाप्रबंधक (वित्त) | प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (विपणन) | प्रभारी (गु.नि.) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक | सहायक महाप्रबधंक | सहायक महाप्रबधंक | प्रभारी | प्रभारी | प्रभारी |
| (संयत्र संचालन) | (एमआईएस) | (वित्त) | (क्रय) | (विपणन) | (गु.नि.) |